**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**20.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में योग दिवस कार्यक्रम में लेंगे भाग।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोलन जिला के जटोली में 5 करोड़ से अधिक की लागत से नवनिर्मित मॉडल करियर सेंटर का किया उद्घाटन।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पुलिस भर्ती परीक्षा में धांधली का लगाया आरोप– सरकार से उच्च स्तरीय जांच की मांग की।
- प्रदेश में दक्षिण–पश्चिमी मॉनसून ने दी दस्तक– आगामी एक सप्ताह तक कई स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**योग तैयारी**

11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल 21 जून को मनाया जाएगा। संस्कृति मंत्रालय 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देश के एक सौ प्रमुख पर्यटन स्थलों और 50 अन्य सांस्कृतिक स्थलों पर योग सत्रों का आयोजन कर रहा है। ये सत्र विशाखापटनम में आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रमुख योग कार्यक्रम के पूरक होंगे। आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शामिल होने का कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम खुले में योग करने के अब तक के सबसे बडे आयोजनों में से एक होगा। इधर, प्रदेश में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को जन आंदोलन बनाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। राज्य में विभिन्न स्कूलों, ग्राम पंचायतों और आंगनबाड़ी केंद्रों सहित कई अन्य स्थानों पर योग दिवस के आयोजन को लेकर जरूरी प्रबंध किए जा रहे हैं। इस वर्ष योग दिवस की थीम है **एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य के लिए योग।**

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोलन जिला के जटोली में आज 5 करोड़ 32 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित मॉडल करियर सेंटर का उद्घाटन किया। यह केंद्र युवाओं को रोजगार से जुड़ी आधुनिक, समसामयिक और महत्त्वपूर्ण जानकारी व मार्गदर्शन प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आबकारी व कराधान विभाग के नवनिर्मित कार्यालय और एनिमल बर्थ कन्ट्रोल सेंटर का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के अलावा बड़े स्तर पर नौकरियां भी दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया को पूरा कर रही है और भाजपा भर्तियों को लेकर बेबुनियाद आरोप लगा रही

इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने क्षेत्र के लिए विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस बीच मुख्यमंत्री ने आज सोलन में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ऐतिहासिक शूलिनी मेले का शुभारम्भ किया। सदियों की परम्पराओं को प्रतिबिम्बित करते हुए यह मेला माता शूलिनी और उनकी बड़ी बहन देवी दुर्गा के मिलन का प्रतीक है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मेला समिति द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पिछले 11 वर्षों में नई ऊंचाईयों पर पहुंचा है। वे आज बिलासपुर ज़िले के श्रीनैना देवी विधानसभा क्षेत्र के खारसी व निहारखण बासला में विकसित भारत संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्णायक नेतृत्व में सशक्त भारत, विकसित भारत निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है और देश दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर सदर के कुठेहड़ा सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा भी की।

## सुरेश कश्यप

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। शिमला ग्रामीण मंडल के चलहोग में मोदी सरकार के सेवा, सुशासन व जनकल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर विकसित भारत संकल्प सभा को संबोधित करते हुए आज उन्होंने ये बात कही। सुरेश कश्यप ने कहा कि केन्द्र सरकार हर वर्ग, क्षेत्र और प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई अनेकों योजनाओं से हिमाचल प्रदेश के लोग भी लाभान्वित हुए हैं। सुरेश कश्यप ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं और केन्द्रीय योजनओं में बाधा डालने का आरोप भी लगाया।

## जगत सिंह

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर जिला की सीमावर्ती पंचायत छितकुल के दुर्गम स्थान नित्थल थाच का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय सेना व छितकुल के ग्रामवासियों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उनके समाधान बारे विचार–विमर्श किया। जगत सिंह नेगी ने भेड़ पालक व चरवाहों को सीमावर्ती स्थान नित्थल थाच तक भेड़–बकरियों को ले जाने की अनुमति प्रदान करने का आश्वासन देते हुए कहा वे इस संबंध में मुख्यमंत्री व भारतीय सेना के अधिकारियों से चर्चा करेंगे।

## जयराम ठाकुर

प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा में नकल को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पुलिस भर्ती परीक्षा प्रक्रिया में धांधली के आरोप लगाते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती मामले में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत मिल रही है। उन्होंने दावा किया कि परीक्षा केन्द्र के सीसीटीवी कैमरों में ये घटना रिकॉर्ड हुई है और सरकार को ये फुटेज सार्वजनिक करनी चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि ये एक गंभीर गैर कानूनी मामला है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने परीक्षा से जुड़े रिकॉर्ड को नष्ट किए जाने की आशंका जताते हुए सरकार से इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है।

## विधानसभा अध्यक्ष

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन–2 का वार्षिक सम्मेलन 30 जून से एक जुलाई तक धर्मशाला के तपोवन में आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भी सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और जम्मू–कश्मीर के प्रतिभागी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा के सभापति, राज्य विधानसभाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, मुख्य सचेतक और राज्यों के विधायक भी सम्मेलन में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि इसके अलावा कर्नाटक, असम, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और तेलंगाना के अध्यक्षों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। पठानिया ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य विधायी प्रक्रिया, लोकतांत्रिक प्रशासन और क्षेत्रीय सहयोग पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि यह मंच लोकतंत्र की सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान–प्रदान को सुगम और संसदीय संस्थाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## विद्या नेगी

राज्य सरकार ने कांग्रेस नेता विद्या नेगी को हिमाचल प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनका मनोनयन तत्काल प्रभाव तीन वर्ष की अवधि के लिए किया गया है। इस संबंध में आज अधिसूचना जारी कर दी गई है। विद्या नेगी मनाली के शनाग गांव की निवासी हैं। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विद्या नेगी को राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि ये पद महिला सशक्तिकरण, न्याय और समाज में उनकी गरिमा सुनिश्चित करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि विद्या नेगी प्रदेश की महिलाओं की आशाओं व अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगी।

**मौसम**

प्रदेश में दक्षिण–पश्चिमी मॉनसून ने दस्तक दे दी है और मॉनसून की सक्रियता से शिमला, किन्नौर, सिरमौर व मंडी ज़िले सहित राज्य के कई स्थानों पर आज वर्षा का क्रम जारी रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि प्रदेश में मॉनसून सक्रिय हो चुका है और 22 व 23 जून को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा और सिरमौर ज़िले में भारी वर्षा को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी एक सप्ताह तक भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए लोगों को नदी–नालों के किनारे और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी गई है।

**''मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में योग दिवस कार्यक्रम में लेंगे भाग।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोलन जिला के जटोली में 5 करोड़ से अधिक की लागत से नवनिर्मित मॉडल करियर सेंटर का किया उद्घाटन।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पुलिस भर्ती परीक्षा में धांधली का लगाया आरोप– सरकार से उच्च स्तरीय जांच की मांग की।
- प्रदेश में दक्षिण–पश्चिमी मॉनसून ने दी दस्तक– आगामी एक सप्ताह तक कई स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना।